**Speed Post**

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour/VC/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market, New
Delhi-110003

**Dated: 31.05.2017**

To,

1. The Chief Secretary,
   Government of Madhya Pradesh,
   Bhopal (Madhya Pradesh

2. The Inspector General,
   Government of Madhya Pradesh,
   Bhopal (Madhya Pradesh)

**Sub**: Tour Report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice- Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to Madhya Pradesh & Maharashtra State from 07.03.2017 to 15.03.2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose copy of tour report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, NCST to Madhya Pradesh from 07.03.2017 to 15.03.2017 for necessary action.

It is requested that action taken/to be taken in the matter may be sent to the Commission within 15 days.

3617-29
31/5/17

Yours faithfully,

(S.P. Meena)
**Assistant Director**

Copy for information and necessary action to:

The District Collector,
District- Chhindwara
(Madhya Pradesh)

OC

Tel.:011-24657271, 011-24615012, 011-24624714, Fax: 011-24604689, 011-24624191

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार

# प्रवास प्रतिवेदन

**-:: TOUR - REPORTDATED 07/03/2017 TO 15/03/2017 ::-**

{DISTRICT CHHINDWARA}जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश

सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार

---

सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग, भारत सरकार द्वारा दिनाँक 7 मार्च 2017 से 15 मार्च 2017 तक जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश का प्रवास किया गया। आयोग मुख्यालय से बेतार संदेश संख्या TP/VC/NCST/2017/05 दिनाँक06/03/2017 द्वारा मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिरीक्षक, संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को तथा आयोग के मध्यप्रदेश स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक एवं अन्य सर्वसंबंधितों को सूचित किया गया।

प्रवास का विस्तृत तिथिवार विवरण इस प्रकार से है :-

**<u>दिनाँक 07/03/2017</u>**

1) दिल्ली से वायुमार्ग से प्रस्थान कर नागपुर से छिन्दवाडा एवं छिन्दवाडा से तामिया के लिये सडक मार्ग से प्रस्थान कर तामिया में पातालकोट नारी शक्ति महिला संघ महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
2) इस कार्यक्रम में लगभग 60 सुदूर आदिवासी ग्रामों के करीब 16 स्व-सहायता समूह की करीब 1500 आदिवासी महिलाओं ने भाग लिया। इन समूहों का उद्देश्य बचत को प्रोत्साहन देना है। इसके अतिरिक्त पशु उपचार, पर्यावरण सुधार, इको चूल्हा वितरण, रोजगार उपलब्ध कराना, कृषि सुधार, पलायन रोकने तथा आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण कार्य भी किया जाता है।
3) स्व-सहायता समूह ने अपने प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया आगामी वर्ष में करीब 500 महिलाओं को और जोडने का प्रयास किया जावेगा।
4) समूह की महिलाओं से चर्चा एवं उनके विचार सुनने पर यह स्पष्ट हुआ कि पीडित आदिवासी महिलाओं की प्राथमिकी तत्काल दर्ज नहीं होती है, उन्हें जो मुआवजा मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाता है, भू-अधिकार अभिलेख / पट्टा वितरण में विलंव हो रहा है,

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

वन विभाग द्वारा अनुचित रूप से उन्हें रोका जाता है, क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कोटवार को अनावश्यक रूप से फँसाया गया है, जाति प्रमाणपत्र जारी होने में भी विलंब हो रहा है, पेंशन इत्यादि नहीं मिल पा रही है, सवर्ण व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रूप से आदिवासियों की भूमि पर कब्जा कर लिया जाता है, सिविल सप्लाई का राशन वितरण का कार्य स्व–सहायता समूह के माध्यम से हो सकता है। इन सभी तथ्यों पर तुरंत आवश्यक कार्यवाही की आवश्यकता है।

5) अनुसूचित जन जाति आयोग के बारे में पूछने पर इतने समूह में से मात्र दो –तीन लोगों को ही जानकारी होना पाया गया। आयोग के कार्यो का प्रचार प्रसार क्षेत्रीय भाषाओं के साथ ही साथ गोन्डी में होना चाहिए।

6) इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति आयोग की कार्यप्रणाली, उसके अधिकार, अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में विस्तार से अपने उदबोधन में बताया गया और आयोग का टोलफ्री नंबर भी सभी को नोट कराया गया। टोलफ्री नंबर पर सुदूर क्षेत्रों से आने वाले सन्देशों, कालों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही अपेक्षित है। उपयुक्त होगा कि आने वाले प्रमुख कालों इत्यादि का विवरण समय समय पर सदस्यों के समक्ष भी प्रस्तुत किया जावे।

7) इस अवसर पर श्रीमती कांता ठाकुर, अध्यक्ष, जिला पंचायत छिन्दवाडा, संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सुमरवती मर्सकोले, तहसीलदार तामिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तामिया, एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

8) संगठन की अध्यक्ष द्वारा वर्ष का आय व्यय का लेखा भी पेश किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि उनके समूह ने इस वर्ष करीब 16 से 17 लाख रूपये की बचत अर्जित की है जिससे समूह के कार्य को और गति दी जावेगी।

9) कार्यक्रम उपरांत तामिया से छिन्दवाडाप्रस्थान तथा रात्रि विश्राम।




(पातालकोट नारी शक्ति महिला संघ महाअधिवेशन छायाचित्र)

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi




**<u>दिनाँक 08/03/2017</u>**

10) दोपहर समय 12.00 बजे सिंधु भवन मोहन नगर छिन्दवाडा में वूमन भास्कर क्लब द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया गया।

11) इस अवसर पर नगर की गणमान्य महिलाओं के अलावा श्रीमती कांता ठाकुर, अध्यक्ष जिला पंचायत छिन्दवाडा, श्रीमती कांता सदारंग, महापौर, नगर पालिक निगम छिन्दवाडा, श्रीमती पारूल पाण्डे अध्यक्ष वूमन भास्कर क्लब छिन्दवाडा एवं सम्पूर्ण जिले से पधारी करीब 500 महिलाएँ उपस्थित थीं।

12) इस अवसर में अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन के उद्देश्य तथा शुरूआत कैसे हुई इस संबंध में विस्तार से महिलाओं को अवगत कराते हुए अपने अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिये आव्हान किया गया। अनुसूचित जनजाति आयोग की गतिविधियों एवं कार्यकलापों के संबंध में उपस्थित महिलाओं को जानकारी प्रदान की गई।

13)





सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi




14) नगर निगम छिन्दवाडा द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित शक्ति संगम विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर महिलाओं का मार्गदर्शन किया एवं आयोग की गतिविधियों एवं कार्यकलाप के संबंध में अवगत कराया गया।

15) इस कार्यक्रम में करीब 1000 महिलाओं की उपस्थिति रहीं, इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर, महापौर श्रीमती कांता सदारंग, श्री जे.के.जैन कलेक्टर, श्री गौरव तिवारी, पुलिस अधीक्षक, श्रीमती सुरभि गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम एवं अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

16) इस अवसर पर माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रधानमंत्री भारत सरकार, के उदबोधन का बडे पर्दे पर सीधा प्रसारण भी किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता मिशन के प्रचार प्रसार हेतु अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।





17) राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिन्दवाडा एवं नवदुनिया समाचार पत्र के द्वारा अपने अपने संस्थानों में प्रथक प्रथक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें उपस्थित होकर महिलाओं को प्रेरणा दी गई सशक्तिकरण के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

18) 


19) 


**<u>दिनाँक 09 & 10 /03/2017</u>**

20) निवास पर आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं इत्यादि पर चर्चा की गई।

**<u>दिनाँक 11/03/2017</u>**

21) मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, पेंशनधारी कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित अभिनन्दन कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारी एवं स्थानीय विधायक चौधरी चन्द्रभान सिंह तथा महापौर श्रीमती कांता सदारंग भी उपस्थित रही हैं।

22) महासंघ के अध्यक्ष ने अवगत कराया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा निगम को समाप्त कर दिया गया है तथा उस समय जो सुविधाएँ एवं प्राप्त होने वाले लाभ बताए गये थे उनका पालन नहीं किया गया है। वर्तमान में उन्हें मात्र 3000 रूपये मासिक पेंशन प्राप्त होती है जो कि दैनिक मजदूरी से भी कम है। निगम को बंद करते समय जो समझौता हुआ उसके अनुसार उन्हें स्वत्वों की प्राप्ति होनी चाहिए। महासंघ द्वारा ज्ञापन पृथक से आयोग में

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

प्रस्तुत किया गया है जिस पर कार्यवाही अपेक्षित है। आयोग स्तर से समुचित कार्यवाही की जावे।

23) 


24) छिन्दवाडा जिले की आशा ऊषा सहयोगनी कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन छिन्दवाड़ा नगर में किया गया था जिसमें जिले की करीब 1200 महिलाएँ उपस्थित हुई। उनके द्वारा अपने ज्ञापन में बताया गया कि :-

- ❖ मध्यप्रदेश में 85000 सहयोगी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं।
- ❖ प्रतिदिन एक ग्राम का भ्रमण करने के लिये निर्देशित किया गया है जबकि माह में 25 दिन का वेतन दिया जाता है।
- ❖ चिकित्सालयों में उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। रूकने इत्यादि की व्यवस्था नहीं होती है।

संगठन द्वारा अपनी निम्नलिखित समस्याओं / मांगों का समाधान कराने का अनुरोध किया गया है।

- सहयोगी कार्यकर्ताओं को उनकी सेवा अनुसार नियमित सेवा का कर्मचारी घोषित किया जावे।
- सहयोगियों को 15 हजार तथा आशाओं को 10 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जावे।
- आशा कार्यकर्ताओं के लिये प्रत्येक ग्राम में आरोग्य केन्द्र की स्थापना की जावे।
- शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता को भी ग्रामीण क्षेत्र की तरह मान्य किया जावे।

उल्लेखित है कि उक्त कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में महत्वपूर्ण शासकीय कार्य किया जा रहा है जबकि उन्हें पर्याप्त वेतन एवं सुविधाएँ प्राप्त नहीं मिलती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। अतएव इनकी मांग पत्र पर गंभीरतापूर्वक विचार कर समस्याओं का निराकरण आवश्यक है।

25) आशा ऊषा सहयोगनी कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त मांगों का प्रस्तुत ज्ञापन अलग से आयोग में प्रस्तुत कर दिया गया है। मध्यप्रदेश शासन स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराया जाने की अनुशंसा की जाती है।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

26)  


27)



**<u>दिनाँक 12&13/03/2017</u>**

28) दिनाँक 12 एवं 13 मार्च 2017 होली एवं धुरेंडी का शासकीय अवकाश।

**<u>दिनाँक14/03/2017</u>**

29) स्वंय के निवास पर जिले से आने वाले गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की गई।

**<u>दिनाँक15/03/2017</u>**

30) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पातालकोट एक्सप्रेस से दिल्ली के लिये प्रस्थान ।

<u>प्रवास में प्राप्त प्रमुख तथ्य एवं उन पर की जाने वाली कार्यवाही की अनुशंसा</u>

1. पीडित आदिवासी महिला पुरुषों की प्राथमिकता तुरंत दर्ज होनी चाहिए, इस संबंध में आवश्यक निर्देश प्रसारित किये जाने की आवश्यकता है।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्य Vice Chairperson
राष्ट्रीय अ सुचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

2. आयोग की गतिविधियों का प्रचार प्रसार आदिवासी क्षेत्रों में नहीं हैं, इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

3. आयोग के संबंध में जानकारी आदिवासियों को उनकी भाषा में उपलब्ध कराई जावे। ताकि वे उसका वास्तविक लाभ ले सकें।

4. आदिवासियों की भूमि पर हुए अवैध कब्जें को हटाने की तथा उन्हें वन भूमि का वनाधिकारी अधिनियम के तहत अधिकार अभिलेख शीघ्र वितरण किये जाने चाहिए।

5. आयोग के टोलफ्री नंबर पर आने वाले कालों तथा उसमें प्राप्त सूचनाओं का विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था हो।

6. मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, पेंशनधारी कर्मचारी महासंघ की उपयुक्त मांगों का निराकरण मध्यप्रदेश शासन से समन्वय स्थापित कर तुरंत किये जाने की आवश्यकता है।

7. आशा ऊषा सहयोगनी कार्यकर्ताओं द्वारा जो मांगें प्रस्तुत की गई हैं वे उपर वर्णित हैं उनका समधान किया जाना आवश्यक है, इस हेतु मध्यप्रदेश शासन से पत्राचार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

सुश्री अनुसुईया उइके
उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
भारत सरकारनई दिल्ली

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अ.सूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi